प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से बुरा हाल : स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश, अगले तीन दिन तक जबरदस्त गर्मी की चेतावनी।**
2. **केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट परीक्षा को लेकर सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ की अहम बैठक : गलत सूचनाएं फैलाने वाले नेटवर्क पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश।**
3. **प्रदेश के 44 जिलों में कल होगी लेखपाल भर्ती परीक्षा : 3 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी होंगे शामिल, परीक्षार्थियों के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनं।**

**और**

4. **प्रदेश में जारी स्वगणना का कल अंतिम दिन : 22 मई से शुरू होगी मकानों की गिनती।**

———————————

**प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। आज 48 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सबसे गर्म जनपद रहा, जबकि हमीरपुर और प्रयागराज में पारा 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने आगामी 2 दिनों के लिए लू चलने को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इसी क्रम में प्रदेश का**

स्वास्थ विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी मंडलीय, जिला, संयुक्त, शहरी और ग्रामीण चिकित्सा संस्थानों में गर्मी से पीड़ितों को समुचित इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अस्पतालों में अतिरिक्त बेड, जीवनरक्षक दवाओं और आवश्यक औषधियों का पर्याप्त भंडार रखने के निर्देश दिए हैं। तेज़ गर्मी से वन्य जीवों को बचाने के लिए भी खास इंतज़ाम किएजा रहे हैं। इटावा सफारी पार्क के उप निदेशक विनय सिंह ने बताया कि सफारी में शेरों के लिए एसी और खस की चटाई का प्रबंध किया गया है। बाइट.....

*सफारी पार्क में जो भी वन्यजीव हैं, उनको गर्मी और लू से बचाने के लिए एक विशेष इंतजाम किए जाते हैं, जिनके अंतर्गत जो हमारे हाउस हैं, उनमें खस की चटाई लगाना, इसके साथ कूलर को लगाते हैं ताकि कमरे का टेंपरेचर मेंटेन रह सके। जो भी ब्रीडिंग वाली शेरनी है, उसके नवजात बच्चे रहते हैं, शावक रहते हैं साथ में उनको एसी के माध्यम से उनके कमरे का तापमान मेंटेन किया जाता है।*

गर्मी और लू से बचाव के लिए विभिन्न जनपदों में स्कूलों के समय में भी बदलाव किया गया है। फतेहपुर में ज़िलाधिकारी ने कक्षा 1 से8 तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं मिर्जापुर में भी 15 जून तक स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। कानपुर में जिलाधिकारी ने कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों का 31 मई तक बंद रखने का आदेश दिया है।

——————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में आगामी नीट यूजी 2026 की दोबारा होने वाली परीक्षा के मद्देनज़र केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री प्रधान ने परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित गलत सूचनाओं के बढ़ते प्रसार पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। श्री प्रधान ने ऐसे नेटवर्कों पर कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसमें फर्जी जानकारी फैलाने वाले चनलों की सक्रिय पहचान, उन्हें ब्लॉक करना और हटाना शामिल है। शिक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि गलत सूचना पर तुरंत रोक लगाई जा सके और परीक्षा प्रणाली की अखंडता की रक्षा की जा सके।

—————————

प्रदेश में लेखपाल भर्ती की मुख्य परीक्षा कल 44 जिलों के 861 केंद्रों पर होगी। करीब 8 हज़ार पदों के लिए होनेवाली इस परीक्षा में लगभग 3 लाख 66 हज़ार 700 अभ्यर्थीशामिल होंगे। एक रिपोर्ट.....

*लेखपाल भर्ती परीक्षा को लेकर कल कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिन जिलों में सर्वाधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करे जाएं और होल्डिंग एरिया बनाए जाएं। उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के साथ लोकल इंटेलिजेंस को भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए। गर्मी के मद्देनज़र परीक्षा केंद्रों पर विद्युत आपूर्ति पीने का पानी की व्यवस्था के अलावा नजदीकी अस्पतालों को भी अलर्ट मोड पर रखने को कहा है। परीक्षा की जिला एवं राज्य स्तर के कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जाएगी। समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।*

परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने बरेली जंक्शन और मथुरा जंक्शन के बीच दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने की घोषणा की है। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर–लखनऊ परीक्षा स्पेशल ट्रेन का संचालन कर रहा है जो 21 मई की रात 12.30 बजे गोरखपुर से रवाना होगी और सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में लखनऊ–गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन शाम सवा 6 बजे लखनऊ से चलकर रात 11 बजकर 55 मिनट पर गोरखपुर पहुंचेगी।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न आज उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर, प्रोजेक्ट गंगा और गेहूं के इन–हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी शुल्क में छूट जैसे

विषयों की समीक्षा की। इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। एक रिपोर्ट.....

*यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रदेश केअन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। प्रोजेक्ट गंगा की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन युवाओं को डिजिटल उद्यमी के रूप में चुना जाए, उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के तेजी से विस्तार और कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने गेहूं के इन–हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की रणनीति की समीक्षा के दौरान मंडी टैक्स और मंडी शुल्क व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाना चाहिए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेश में जारी स्वगणना का कल अंतिम दिन है। राज्य की जनगणना निदेशक और मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने बताया है कि नागरिकों को स्वगणना के लिये सेंसस डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर अपने राज्य को चुनना होगा और फिर परिवार के मुखिया के नाम, मोबाइल नंबर या ईमेल के जरिए लॉग इन कर जानकारी भरनी होगी। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने बताया कि गणना पर 11 अंकों का एक कोड प्राप्त होगा, जिसे प्रगणक के घर आने पर देना होगा, जिससे जानकारी का सत्यापन होगा। उन्होंने लोगों से स्वगणना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की ह। जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत प्रदेश में 22 मई से मकानों की गणना शुरू होगी, जो 22 जून तक चलेगी।

————————

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार में कैबिनेट मंत्री बने भूपेंद्र चौधरी ने आज सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री के तौर पर कामकाज संभाल लिया है। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश क विकास में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि अधिक से अधिक लोगों को इसके माध्यम से रोज़गार प्राप्त हो। बाइट.....

*निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के विकास में जिस प्रकार से एमएसएमई विभाग की भूमिका है और उस भूमिका में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार, स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो इसका प्रयास और इस लक्ष्य को*

*लेकर हम लोग आगे बढ़ेंगे। उत्तर प्रदेश में 46 प्रतिशत निर्यात इन्हीं इकाइयों के द्वारा उत्पादित सामानों का होता है। तो इसे आगे बढ़ाएं। इसका प्रयास हम लोग करेंगे और उत्तर प्रदेश एक विकसित राज्य की ओर बढ़ रहा है। हमारा विभाग उसमें एक महती भूमिका निभाएं। इसका प्रयास हम सब लोग मिलकर करेंगे।*

---

प्रयागराज से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने को नागर विमानन महानिदेशालय ने मंजूरी दे दी है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश चावला ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने के बाद प्रयागराज–जेवर फ्लाइट की समय सारिणी जारी की जाएगी। नई उड़ान सेवा शुरू होने से प्रयागराज से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी। बाइट....

*प्रयागराज एयरपोर्ट के ऊपर 1 हफ्ते में 60 फ्लाइटों का आना–जाना है और अभी यह जो जेवर एयरपोर्ट जून से शुरू हो रहा है, इसमें अभी जैसे ही यह थोड़ा अभी तो कुछ कम फ्लाइटों से वहां से आना–जाना शुरू होगा। IndiGo की एक फ्लाइट शेड्यूल है जो कि जेवर से प्रयागराज और प्रयागराज से जेवर जाएगी क्योंकि अभी उसका पू 'पूर्ता है वह नहीं हुआ, शुरुआत नहीं हुई। जैसे ही वह जैसे–जैसे फ्लाइट्स की संख्या वहां बढ़ती जाएगी तो हमारे यहां भी एक फ्लाइट आने का समर शेड्यूल में प्रोग्राम है।*

(समाप्त)